कार्यालय, जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सवाई माधोपुर

क्रमांकः–विकास शाखा/शीतलहर/2024–25/ 1227 दिनांकः– 06.01.25

आदेश

श्रीमान् निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के पंत्राकः शिविरा–मा/मा–स/ 22418/ शिविरा पंचाग/2024–25 –18074 दिनांक 06.01.2025 एवं मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर एवं बढती हुई ठंड को देखते हुये, जिले में ठंड के प्रकोप को दृष्टिगत रखते हुये दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 11.01.2025 तक जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शीतलहर एवं ठंड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मध्यनजर विद्यालयों में अवकाश घोषित किया जाना अति आवश्यक है।

अतः मैं शुभम चौधरी जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सवाई माधोपुर आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अध्याय 4 की धारा 30 में प्रदत्त शाक्तियों का प्रयोग करते हुये सवाई माधोपुर जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक के समस्त सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओ का दिनांक 07.01.2025 से दिनांक 11.01.2025 तक का अवकाश घोषित करती हूँ। यह अवकाश केवल छात्र–छात्राओं के लिये लागू रहेगा। शेष स्टॉफ यथावत कार्य करता रहेगा। जिले के समस्त संस्था प्रधानो को आदेशित किया जाता है की वे इस आदेश की अक्षरशः पालना करना सुनिश्चित करे। यदि कोई भी संस्था प्रधान निर्धारित समय के दौरान कक्षा संचालन करता पाया जाता हैं तो उसके विरूद्व आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत् नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(शुभम चौधरी)
जिला कलेक्टर
सवाई माधोपुर

क्रमांकः–विकास शाखा/शीतलहर/2024–25/ 1227 दिनांकः– 06.01.25

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं पालनार्थ

1. प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, भरतपुर संभाग, भरतपुर।
4. सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी सवाई माधोपुर।
5. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समसा, सवाई माधोपुर।
6. जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक/प्रारम्भिक सवाई माधोपुर को आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने हेतु।
7. समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, जिला सवाई माधोपुर को पालना सुनिश्चित करवाने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

Validity unknown

Digitally signed by Shubham Chaudhary
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.01.06 13:50:51 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 12837472